हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 अप्रैल 2024

12 रतिया में किसानों ने किया भाजपा उम्मीदवार का किया विरोध



12 सैनिक स्कूल खारखेड़ी में फुटबॉल टूर्नामेंट



## खबर संक्षेप

### गणित विज्ञान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय में गणित विभाग परिषद् द्वारा गणित विज्ञान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रेम मेहता ने की। उन्होंने कहा कि गणित विज्ञान का हमारे दैनिक जीवन में बहुत योगदान है। गणित विज्ञान और प्रौद्योगिकी ने देश के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

### फतेहाबाद से चिनाई मिस्त्री सहित दो लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले से एक चिनाई मिस्त्री सहित दो लोगों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में हांसपुर रोड फतेहाबाद निवासी सतनाम ने कहा है कि उसके पिता ओमप्रकाश उर्फ काला चिनाई मिस्त्री का काम करते थे। कुछ दिन समय अधरंग होने के कारण वह घर पर ही रहते थे। गत दिवस दोपहर को वह बिना किसी को बताए घर से चले गए और देर रात तक वापस घर नहीं लौटे। इस पर उन्होंने उनकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उनका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

### गांव म्योंद कलां से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस गांव म्योंद कलां से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव म्योंद कलां निवासी परमजीत सिंह ने कहा है कि गत दिवस उसने अपने मोटरसाइकिल को शिव मंदिर के पास अपने घर के बाहर गली में खड़ा किया था और मकान में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस घर से बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

### ट्रैक्टर से गिरकर किसान की मौत

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव माखोसरानी में एक काश्तकार किसान की ट्रैक्टर से गिरने से मौत मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भजनलाल पुत्र मुंशीराम निवासी माखोसरानी जो कि गांवमें ही जमीन हिस्से पर लेकर काश्त करता था। वीरवार रात को गेहूं निकालकर ट्रेक्टर ट्राली लेकर चोपटा मंडी में गेहूं बेचने हेतु जा रहा था। माखोसरानी ओर चोपटा के बीच ट्राली पर बैठा भजनलाल अचानक जंप लगने से ट्राली से गिर गया जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### मकान से हजारों का सामान व नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** गांव सिंबलवाला में एक युवक मकान में जा घुसा और वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस दौरान मकान में सो रहे एक व्यक्ति की नींद खुलने पर चोर मौके से फरार हो गया। बाद में मकान मालिक ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। टोहाना पुलिस को दी शिकायत में गांव सिंबलवाला निवासी बिट्टू ने कहा है कि गत दिवस सुबह करीब 4 बजे उसके घर में चोरी हो गई है।

## एडीसी व डीएम की धमकी के बावजूद लिफ्टिंग में नहीं हुआ सुधार

# खरीद का मात्र 16 फीसदी गेहूं का हो पाया है उठान

व्यापार मंडल का आरोप

हरियाणा वेयर हाऊस ने अब तक नहीं भेजा बारदाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में लगी गेहूं की ढेरियां व टोहाना अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रबंधों का जायजा लेते एसडीएम प्रतीक हुड्डा। *फोटो : हरिभूमि*

अनाज मण्डी मे गेहूं की लिफ्टिंग को लेकर एडीसी द्वारा ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की धमकी के बावजूद भी गेहूं की लिफ्टिंग जस की तस है। दूसरे दिन भी गेहूं की लिफ्टिंग ने रफ्तार नहीं पकड़ी, जिससे आढ़तियों में खासा रोष है। आढ़तियों का कहना है कि खरीद एजेंसियों की मनमानी व प्रशासनिक मिसमैनेजमेंट का खामियाजा किसानों व आढ़तियों को भुगतना पड़ रहा है। उधर, खरीद के चार दिन बाद भी अनेक दुकानों पर हरियाणा वेयर हाऊस का बारदाना नहीं पहुंचा। शुक्रवार तक फतेहाबाद जिले में 1 लाख 85 हजार 582 एमटी गेहूं की आवक हो चुकी है। इसकी एवज में 29 हजार 937 एमटी गेहूं की ही लिफ्टिंग हो पाई है। यानि कि कुल खरीद का 16.13 फीसदी ही उठान हो पाया है जबकि मौसम विभाग ने शनिवार रात तक खराब मौसम की संभावना जता रखी है। ऐसे में किसानों व आढ़तियों की धड़कनें तेज हो गई है। व्यापार मंडल अनाज मण्डी का मानना है कि अगर मण्डियों में गेहूं की आवक व लिफ्टिंग की रफ्तार ऐसे ही रही तो किसान पर दोहरी मार पड़ेगी। बता दें कि वीरवार को आढ़तियों ने धमकी दी थी कि गेहूं उठान में तेजी नहीं आई तो वह मण्डी के गेटों को बंद कर गेहूं खरीद नहीं होने देंगे। व्यापार मंडल के अल्टीमेटम के बाद जिला प्रशासन व वेयर हाऊस के डीएम सुमित कुमार ने ठेकेदारों को बुलाकर उन्हें लिफ्टिंग में तेजी लाने को कहा था। ऐसे न करने पर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने की चेतावनी दी गई थी। प्रशासन की धमकी का दूसरे दिन भी खरीद एजेंसी के अधिकारियों व ठेकेदारों पर कोई असर नहीं दिखा। शुक्रवार तक मात्र 16 फीसदी उठान होने से आढ़ती खासे परेशान है। उधर, व्यापार मंडल अनाज मण्डी के प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि हरियाणा वेयर हाऊस द्वारा सोमवार को खरीदी गई गेहूं की एवज में अभी तक बारदाना नहीं आया है। मण्डी के दुकानदार बारदाने के लिए खरीद एजेंसी दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। बता दें कि खरीद एजेंसियों ने 1149 किसानों के खाते में गेहूं खरीद के 54 करोड़ 26 लाख रुपये का भुगतान कर दिया है।

### अनाज मंडी से गेहूं उठान में तेजी लाए खरीद एजेंसियां

**टोहाना।** एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे मंडी में किसान की गेहूं फसल खरीद मानकों के अनुरूप खरीदना सुनिश्चित करें। किसान को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने कहा कि अनाज मंडी से गेहूं उठान में तेजी लाई जाए ताकि मंडी में जाम की समस्या ना रहे। खरीद के साथ ही उठान होता रहेगा तो आवक में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आएगी। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम ने किसानों, आढ़तियों, मजदूरों से बातचीत की और कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से पीने का पानी, शौचालय व खरीद केंद्रों पर किसानों के लिए दूसरी सुविधा के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए।



**सिरसा।** गेहूं उठान की मांग को लेकर बैठक करते आढ़ती। *फोटो : हरिभूमि*

## गेहूं उठान को लेकर आढ़तियों ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

**सिरसा।** अनाजमंडी में गेहूं की आवक तेज हो गई है। आवक की तुलना में उठान कार्य धीमी गति से चल रहा है जिस कारण मंडी पूरी तरह से गेहूं से भरी बोरियों से भर गई है। आलम यह है कि मंडी में गेहूं की नई ढेरी लगाने के लिए भी किसानों को जगह नहीं मिल रही है। इस समस्या से परेशान मंडी के आढतियों में उठान करने वाले ठेकेदार के प्रति रोष है। इस मुद्दे पर शुक्रवार को आढ़ती एसोसिएशन सिरसा की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान मनोहर मेहता ने की। बैठक में एसोसिएशन के उपप्रधान प्रेम बजाज, सचिव दीपक मित्तल, सहसचिव महावीर शर्मा, पूर्व प्रधान हरदीप सरकारिया, हन्नी अरोड़ा, कृष्ण गोयल, डब्बू जैन, श्यामलाल गर्ग, सोहनलाल गर्ग, राजन बावा, मजदूर यूनियन से सोमनाथ सहित अन्य आढ़ती मौजूद थे। आढ़तियों ने ठेकेदार तथा हैफेड विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि हैफेड के अधिकारी व कर्मचारी आंख बंद करके बैठे हुए हैं। ठेकेदार के खिलाफ कोई एक्शन नहीं हो रहा है। ठेकेदार के पास माल उठाने के लिए पर्याप्त ट्रक नहीं है। इसका खामियाजा आढ़तियों व किसानों को उठाना पड़ रहा है।

### 2.35 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक

**सिरसा।** जिला की अनाज मंडियों में अब तक दो लाख 35 हजार 752 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा उठान का कार्य भी जारी है। उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में दो लाख 35 हजार 752 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से मुख्यतः खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 46 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 46 हजार 850 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कापरेरेशन द्वारा 42 हजार 894 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि सिरसा मंडी में 29 हजार मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 16 हजार 98 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में सात हजार 422 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 14 हजार 278 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 8 हजार 627 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 21 हजार 110 मीट्रिक टन, बडागुढा मंडी में 7 हजार 267 मीट्रिक टन, खारियां मंडी में छह हजार 838 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 4 हजार 472 मीट्रिक टन, मल्लेकां मंडी में छह हजार 660 मीट्रिक टन व बप्प मंडी में 6 हजार 101 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

## एडीसी व एसडीएम ने हस्ताक्षर कर लिया मतदान का संकल्प

- टोहाना उपमंडल में एसडीएम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए लगाया हस्ताक्षर बैनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** एसडीएम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते एडीसी राहुल मोदी।

मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में टोहाना के लघु सचिवालय में एसडीएम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने हस्ताक्षर करके मतदान करने का संकल्प दोहराया। शुक्रवार को एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी टोहाना प्रतीक हुड्डा ने इस अभियान के तहत परिसर में लगाये गये बड़े बैनर पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे स्वयं मतदान करने का संकल्प ले और 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करें। एसडीएम कार्यालय परिसर में इस दौरान बनी सेल्फी प्वाइंट मेरा वोट मेरी ताकत पर भी नागरिक सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है।

## वाटर टैंक में कूदा युवक, दमकल कर्मियों ने निकाला बाहर

- युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**फतेहाबाद।** डिग्गी से निकालकर युवक को प्राथमिक उपचार देते दमकल कर्मचारी।

जिले के शहर रतिया में शुक्रवार को आत्महत्या करने के इरादे से एक युवक जहर का सेवन करके जलघर की पानी की डिग्गी में कूद गया। इस बीच सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच गए। डिग्गी के पानी में डूबे युवक को बाहर निकाला। इसके बाद प्राथमिक उपचार देते हुए दमकल कर्मचारियों ने उसे उल्टा कर पेट से पानी निकाला तो कीटनाशक दवा भी निकल गई। इसके बाद युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गांव चनकोठी में एक युवक ने खुदकुशी करने के लिए गांव के जलघर की डिग्गी के पास पहुंचा। उसने पहले वहां जहर पिया और उसके बाद पानी से भरी डिग्गी में कूद गया। इसी दौरान चनकोठी में एक दाह संस्कार के दौरान साथ लगते खेतों में आगजनी की आशंका के चलते फायर ब्रिगेड कर्मी आए हुए थे। उन्हें किसी ने सूचना दी कि एक व्यक्ति जलघर की डिग्गी में कूद गया है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी मुकेश कुमार, बलजीत सिंह व पवन कुमार मौके पर पहुंचे। इतने में डायल 112 पुलिस को भी सूचित कर दिया गया। मुकेश कुमार रस्सी की सहायता से डिग्गी में कूदा और फिर शख्स को बाहर निकाल लाया। जहरीला पदार्थ खाने से उसके मुंह से झाग निकल रहा था। इसके बाद उसे उल्टा लेटा कर छाती और पेट दबाकर उसके मुंह से सारा जहर बाहर निकाला गया, इससे उसकी जान बची। इसके बाद उसे रतिया के निजी अस्पताल ले जाया गया है। युवक जांडवाला सौतर गांव का रहने वाला और मानसिक रूप से परेशान बताया गया है। कर्मियों ने बताया कि चनकोठी में दाह संस्कार के चलते उन्हें एहतियातन बुलाया गया था ताकि चिंगारियों से खेतों में आग न लग जाए।



**सिरसा।** नाथूसरी चोपटा शिव मंदिर धर्मशाला में टीबी से बचाव के टीके लगते हुए एएनएम सुखदेवी बैनीवाल।

### टीबी से बचाव के लिए लगाया शिविर

**चोपटा।** शिव मंदिर धर्मशाला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत तपेदिक से बचाव के लिए 60 वर्ष से आयु के सभी लोगों को टीके लगाए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए एएनएम सुखदेवी बैनीवाल ने बताया कि सरकार व स्वास्थ्य विभाग द्वारा तपेदिक यानी टीबी से बचाव के लिए व्यस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत नाथुसरी चोपटा के शिव मंदिर धर्मशाला में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को टीबी से बचाव के टीके लगाए गए। उन्होंने बताया कि 60 साल से ऊपर की उम्र के सभी व्यक्तियों के टीके लगाने के साथ-साथ 18 वर्ष से अधिक आयु के उन व्यक्तियों के टीके लगाए जाएंगे जिनके घर में 5 साल से कोई टीवी का मरीज है।

## मलोट रोड पर ट्रैफिक की समस्या

- गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन
- हो रहे हादसे, सो रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



**सिरसा।** प्रदर्शन करते दुकानदार व अन्य लोग। *फोटो : हरिभूमि*

पंजाब की सीमा में मलोट रोड पर किसानों द्वारा आंदोलन को लेकर लगाया गया पक्का धरना कई लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस धरने को लेकर लगाए गए टैंट, ट्रॉली आदि की वजह से यहां ट्रैफिक की गंभीर स्थिति बनी रहती है। धरने की वजह से ट्रैफिक एक तरफ से चलाया जाता है और पंगु ट्रैफिक व्यवस्था के कारण यहां रोजाना कोई ना कोई दुर्घटना होती है। अब तक कई लोग अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण घायल होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं। घायलों में कुछ की हालत तो गंभीर बनी हुई है। इलाके के दुकानदारों का कारोबार भी पूरी तरह से ठप है। इन सब बातों से परेशान लोगों व इलाके के दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इलाके की दुकानदारों विपिन, सुमित व अन्य के मुताबिक यहां ट्रैफिक की अति गंभीर समस्या बनी हुई है।

## चोर ने दो दुकानों से हजारों की नकदी चुराई, सीसीटीवी में कैद

**फतेहाबाद।** चार मरला कालोनी स्थित दो दुकानों में चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुन्दर नगर फतेहाबाद निवासी गौरव ने कहा है कि उसकी चार मरला कालोनी में पंजाब नेशनल बैंक के पास वाली गली में प्राइम कम्प्यूटर सैंटर के नाम से दुकान है और उसके ऊपर वाली दुकान उसने गुरूनानकपुरा निवासी विशाल को दे रखी है जहां उसने हेयर सैलून खोला हुआ है। गत दिवस रात करीब 10 बजे दुकान को बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब वह दुकान पर आए तो उसने दुकान के गल्ले से 20500 रुपये की नकदी गायब मिली। विशाल के काउंटर से भी 8250 रुपये गायब थे। इस पर जब उन्होंने दुकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि अज्ञात युवक रात करीब साढ़े 12 बजे से डेढ़ बजे के बीच दुकान के ऊपरी छत पर दरवाजे को तोड़कर सीढ़ियों के रास्ते दुकान में घुसा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस पर उन्होंने पहले आसपास युवक की तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## प्रेम ठेकेदार पर हमला, विधायक के खास ठेकेदार पंकज उर्फ गोलू आहूजा पर केस दर्ज

- फिलहाल शहर में नगरपरिषद के 80 फीसदी काम पंकज के ही पास हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले दिनों नगरपरिषद के ठेकेदार प्रेम पर कुछ लोगों द्वारा हमला कर घायल कर देने के मामले में पुलिस ने सत्ताधारी नेता के खासमखास चर्चित ठेकेदार पंकज आहूजा उर्फ गोलू व उसके 3 अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि पंकज आहूजा विधायक दुड़ाराम के साथ वैष्णो देवी माता के दर्शन करने भी गया था और फिलहाल शहर में नगरपरिषद के 80 फीसदी काम उसी के पास ही है। पुलिस को दी शिकायत में लोक नायक मोहल्ला फतेहाबाद निवासी प्रेम प्रकाश ने कहा है कि वह नगरपरिषद में ठेकेदारी का काम करता है। गत दिवस रात को वह स्कूटी पर सवार होकर किसी काम से अनाज मण्डी में आया था।

जब वह वहां पेशाब करने के लिए रूका तो इसी दौरान राकेश निवासी भिरड़ाना, पंकज आहूजा उर्फ गोलू निवासी हुडा सैक्टर 3 फतेहाबाद, सतीश निवासी कुम्हारिया व सेठी लुक्का निवासी बोदीवाली वहां आए और उसके साथ बेवजह गाली-गलौच करना शुरू कर दिया। जब उसने इन्हें गाली-गलौच से रोका तो इन लोगों ने उस पर नुकीले हथियारों से हमला कर दिया जिससे वह बेसुध होकर वहीं गिर गया। इसके बाद सभी आरोपी मौके से भाग गए। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां उसका उपचार चल रहा है। ठेकेदार प्रेम प्रकाश ने बताया कि खैरातीखेड़ा रोड पर पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है, जिसका ठेका रमेश चन्द्र कॉन्ट्रेक्टर सिरसा ने लिया हुआ है।

### छात्राओं ने मेरा वोट-मेरा अधिकार पर हस्ताक्षर अभियान चलाया

## छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मानव श्रृंखला बनाती महिला कॉलेज की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा छात्राओं ने मेरा वोट-मेरा अधिकार विषय पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर भी शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। छात्राओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है, इसलिए नागरिक निर्भीक होकर मतदान करें। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं मतदान का बहुत ही महत्व है। उन्होंने जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के पात्र विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे यह संकल्प ले कि वे अपने आसपास के 10-10 मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि 25 मई को जिला में लोकसभा का चुनाव है। इस दिन सभी अपने घर से निकलकर शत प्रतिशत मतदान कर जिला फतेहाबाद का मान बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि जिला में मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों द्वारा मतदान करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली, मानव श्रृंखला, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, मतदाताओं से हस्ताक्षर, मतदाताओं को अपील करते हुए वीडियो, रील मेकिंग, मतदान के लिए शपथ कार्यक्रम व अन्य माध्यमों से मतदाताओं को जागरूक किया।



बर्फीले तेंदुए अन्य शेरों व तेंदुओं की तरह गुर्रा नहीं सकते।



घोड़े 17 तरीके से अपना चेहरा हिला या बना सकते हैं जोकि मनुष्यों से सिर्फ 10 ही कम है।

# ग्राफिक डिजाइनर एक प्रचलित करियर ऑप्शन



नालेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## कौन होता है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## जरुरी योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ग्राफिक डिजाइनर कैसे बनें

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## इससे रोचक और शानदार काम कोई और नहीं

# खूबसूरत नजारों को कैद करने के शौकीन हैं तो फोटोग्राफी में बना सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हर आज के समय में लोगों के लिए अपने सही करियर का चयन करना मुश्किल हो जाता है। व्यक्ति 12वीं कक्षा पास करने के बाद विचलित हो जाता है कि उसे कौन से रास्ते का चयन करते हुए किस लक्ष्य पर पहुंच रहा है। इसके बारे में जानकारी नहीं होती है फोटोग्राफी आज के समय का और भविष्य के लिए एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन माना जाता है। तस्वीर के माध्यम से अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करना बेहद रोचक होता है और ऐसे में हर व्यक्ति अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करने के लिए फोटोग्राफी और फोटोग्राफर की मदद लेते हैं। ऐसे में आप फोटोग्राफर बन कर अपनी सेवा लोगों को दे सकते हैं और बेहतर पैसा कमा सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फोटोग्राफर कैसे बने, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।



## कौन होता है फोटोग्राफर

फोटोग्राफर एक काम है, जिसे प्रोफेशन के नाम से भी पहचानते हैं। ऐसा एक्स पार्ट 2 किसी भी विशेष अवसर पर तस्वीर खींचता है,उसे फोटोग्राफर कहते हैं। फोटोग्राफर एक प्रोफेशन के तौर पर बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय क्षेत्र माना जाता है। जो उम्मीदवार शुरुआत से ही फोटो को पसंद करते हैं या फोटोग्राफी को पसंद करते हैं तो उन लोगों के लिए यह क्षेत्र जिसमें उम्मीदवार अपना करियर बना सकते हैं। फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स करके और कैमरा उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करके व्यक्ति अपने करियर को समा सकता है। क्योंकि फोटोग्राफी के विकल्प दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भविष्य के लिए भी फोटोग्राफर बनना एक बेहतरीन साबित हो सकता है।

**करियर स्कोप :** जब कोई भी व्यक्ति पढ़ाई करते हुए फोटोग्राफर की उपाधि हासिल कर लेता है। यानी कि डिप्लोमा और डिग्री पूरी करके फोटोग्राफर बन जाता है तो उसके पश्चात उम्मीदवार को कैरियर में जॉब के तौर पर कौन से क्षेत्र में नौकरी मिल जाती है। इसके बारे में सूची नीचे प्रदान कराई गई है।

*फिल्म प्रोडक्शन हाउस, एडवरटाइजिंग एजेंसीज, इंडस्ट्रीयल एंड मीडिया इंस्टीट्यूट, प्रोफेशनल फोटो स्टूडियो, एनजीओ, स्पोर्ट्स, टीवी एंड न्यूज चैनल, न्यूज पेपर एंड मैगजीन, फैशन शो एंड बुटिक्स, इवेंट आग्रेनाइजेशन।*

## सेवा के साथ-साथ बेहतर कमाई



## फोटोग्राफर बनने के लिए जरूरी योग्यता और स्किल

- *उम्मीदवार के पास फोटो खींचने का एक अद्भुत टैलेंट होना चाहिए उम्मीदवार की नजर एकदम सटीक होनी चाहिए कि किसी भी विशेष मूवमेंट को आसानी से वह कैप्चर कर सकें।*
- *उम्मीदवार के पास एक टेक्निकल स्किल होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिसके माध्यम से वह अपने कैमरा और फोटो इसको स्टूडियो को बेहतर तरीके से मैनेज कर सके उम्मीदवार के पास सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की नॉलेज होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है।*
- *उम्मीदवार को फोटोग्राफी कला मैं अपने लेवल को बढ़ाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि यहां पर अपने ग्राहक को खुश करना और यूनिक तरीके से फोटोग्राफर के तौर पर जिम्मेदारी निभाना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आपके पास अनुभव की क्रिएटिविटी होना बहुत जरूरी है।*
- *कम्युनिकेशन स्किल्स हर बिजनेस और और कैरियर के क्षेत्र में बहुत जरूरी होती है। कम्युनिकेशन स्किल्स के माध्यम से ही आप अपने ग्राहक के साथ बेहतर तरीके से बात कर सकते हैं और हर प्रॉब्लम का सलूशन ढूंढ सकते हैं।*
- *फोटोग्राफर के लिए जरूरी डिप्लोमा करने के लिए आपके पास 12वीं कक्षा का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा सर्टिफिकेट नहीं है। तब भी आप प्रैक्टिस कर के फोटोग्राफर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं।*
- *भारत के बाहर की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आपको एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है और उसके पश्चात कि आपको वहां पर उस एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयनित किया जाता है।*
- *विश्व की अन्य यूनिवर्सिटी में शामिल होने के लिए भी आपको कार्य अनुभव आना जरूरी है।*

## सैलरी

फोटोग्राफर की कोई भी फिक्स सैलरी नहीं होती है। आपको अपने टैलेंट के आधार पर यहां पैसा कमाना होता है। फोटोग्राफर की अनुमानित सैलरी की बात करें,तो सालाना फोटोग्राफर 5,00,000 से 10,00,000 रुपये आराम से कमा सकता है और अपने टैलेंट और अनुभव के दम पर उम्मीदवार इससे अधिक पैसा भी कमा सकते हैं।



## इस प्रक्रिया का पालन करें

- फोटोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास करने के बाद फोटोग्राफी के लिए जरूरी डिप्लोमा लेना होगा।
- डिप्लोमा लेने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन करना है।
- कॉलेज से पहले उम्मीदवार को कई प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम जैसे कि एसओपी, एलओआर, आइलेट, टोफेल, सैट इनमें से किसी भी एक एंट्रेंस एग्जाम में एग्जाम देना होगा और उसके पश्चात आपको कॉलेज मिलता है।
- कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी डिप्लोमा का चयन करते हुए उस डिप्लोमा में अच्छे से पढ़ाई करके आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल करना है।
- फोटोग्राफी के लिए डिप्लोमा 3 महीने से लेकर 12 महीने की अवधि तक उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- इस अवधि के दौरान आप पढ़ाई करके डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं।
- डिप्लोमा की डिग्री लेने के बाद आपको प्रैक्टिस पर मुख्य रुप से ध्यान देना होगा। क्योंकि प्रैक्टिस ही इंसान के अनुभव को बढ़ाती है। प्रैक्टिस के बिना आप अधूरे हैं।
- जब आप की प्रैक्टिस अच्छे तरीके की हो जाती है तो उसके पश्चात आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने ला सकते हैं और अब भविष्य में अपने करियर को सक्सेस करने के लिए आपको कई प्रकार के पोर्टफोलियो या फिर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने टैलेंट और स्किल्स को दुनिया के सामने पेश करना होगा।
- आपके काम को देख कर अधिक से अधिक लोग आप से संपर्क कर सकें और आपकी पहचान बढ़ सके। फोटोग्राफी का काम पहचान पर ही निर्भर होता है।
- फोटोग्राफी के काम में पहचान ही आपको ज्यादा काम दिलाने में मदद करती है।

## डिप्लोमा या डिग्री जरूरी

ऐसे तो बस 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी उम्मीदवार फोटो खींचने में माहिर हो सकता है। फोटो खींचना इतना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास डिप्लोमा और डिग्री होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए विश्व भर में बहुत सारे ऐसे कॉलेज मौजूद है। जो अलग-अलग प्रकार के डिप्लोमा उपलब्ध करवा रहे हैं। फोटोग्राफी के लिए लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स की जानकारी आप ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत में टॉप कॉलेज :** ऐसे तो भारत में जनसंख्या के आधार पर बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है। लेकिन भारत के टॉप कॉलेज की बात की जाए तो फोटोग्राफी के लिए भारत के टॉप कॉलेज की सूची नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है। दिल्ली कॉलेज ऑफ फ्रोटोग्राफी (नई दिल्ली), द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊटी), कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली (नई दिल्ली), मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली), एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा), आईआईपी अकादमी, दिल्ली, केएस अकादमी ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़िक आर्ट्स, तमिलनाडु, विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ–साथ कौशल भी जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

शिक्षा और कौशल, दोनों ही मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक युग में, शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है जो व्यक्ति को समझदार बनाता है, सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करता है, और समाज में साझा ज्ञान को बढ़ावा देता है। हालांकि, कौशल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कौशलों के बिना, शिक्षा की कोई महत्व नहीं होती। कौशल व्यक्ति को वास्तविक जीवन में समस्याओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं, और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। शिक्षा के बिना भी कौशल से सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन कौशल बिना शिक्षा की अधिक विश्वसनीयता होती है।

## हमारी शिक्षा प्रणाली थ्योरी आधारित

एक व्यक्ति जो कुशल हो, वह अपनी शिक्षा के स्तर से ऊपर उठ सकता है और अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त कर सकता है। इसलिए, समाज को अपने शैक्षिक अनुभवों के साथ-साथ कौशलों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा और कौशल, दोनों का संबंध होना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने पूरे पोटेंशियल को प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। आज की तारीख में, शिक्षा का महत्व और आवश्यकता स्वभाविक रूप से स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों को अच्छी नौकरी मिलने में सहायक नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अधिकतर थ्योरी पर आधारित है, जिससे छात्रों के पास अच्छे कौशल नहीं होते। वर्तमान में, बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा के लिए अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की भी जरूरत होती है। रोजगार के आधारित मॉडल में, छात्रों को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें अपने कौशलों को भी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कई बार, छात्रों को अच्छे शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद अच्छी नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि उनके पास उच्च कौशल नहीं होते। यह शिक्षा प्रणाली की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसमें छात्रों को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जाता है, बल्कि सिर्फ उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को प्रैक्टिकल और कौशल अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। छात्रों को शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशलों का भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिष्ठित बन सकें। इसके लिए, सरकार, शैक्षिक संस्थानों, और उद्यमियों के बीच सहयोग और समन्वय की जरूरत है। रोजगार के आधारित मॉडल में छात्रों को कौशलों का विकास करने के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। यह न केवल उनके भविष्य के लिए बल्कि उनके देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनानछात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनाने के लिए, हमें शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रैक्टिकल और कौशलिक बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। यहाँ शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं, जैसे कि औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कक्षाएं, और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषाधिकार देना। साथ ही, छात्रों को अधिक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी देना चाहिए, जैसे कि इंटर्नशिप और उद्यमिता के कार्यक्रम।

## नई शिक्षा नीति दे रही उद्यमिता को बढ़ावा

इसके अलावा, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को संबंधित उद्योगों के साथ सहयोग करने का अवसर देना चाहिए ताकि छात्रों को अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। इस प्रकार, हम छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने कौशलों का विकास करने में भी सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे समृद्ध और सफल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को कैसे महत्वपूर्ण मानती है, इसे परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नीति न केवल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाती है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को समेटती है। उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले तो, नीति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रोग्राम और कोर्सों को शामिल किया है। इससे छात्रों को व्यावसायिक दक्षता और कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावसायिक धाराओं में परिणत कर सकते हैं। दूसरे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को समर्थ बनाने के लिए कैरिक्युलम को भी अद्यतन किया है। नये कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के माध्यम से, विद्यार्थी अपने अनुप्रयोगात्मक कौशलों को विकसित करते हैं, जो उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। तीसरे, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संस्थानों को उद्यमिता और नई विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सहायक कार्यक्रम और अनुसंधान के लिए साधनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। इससे संस्थानों को छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नई और नवाचारी विचारों को विकसित करने का अवसर मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उत्तरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### सप्लायर को किया जांच में शामिल

**हांसी।** पुलिस ने नशीला पदार्थ चूरापोस्त सप्लाई करने वाले असल सप्लायर को अभियोग में शामिल जांच किया है। शामिल जांच किए गए आरोपी की पहचान हिसार जिले के गांव लाडवा निवासी रमेश उर्फ शेशा के रुप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जांच में शामिल किए गए आरोपी ने हांसी के चार कुतुब गेट के समीप स्थित धौला कुआं निवासी दारा सिंह को 3 किलो 900 ग्राम चुरा पोस्त सप्लाई किया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले आरोपी ने उच्च न्यायालय से जमानत ले रखी थी इसलिए उसे जांच में शामिल कर रिहा कर दिया गया।

### श्रेष्ठ करियर बनाने के लिए किया प्रोत्साहित

**हिसार।** विद्यार्थियों को शिक्षित व स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के विद्यार्थियों को सेमिनार आयोजित करके करियर संबंधी जानकारी दी गई। इंडियन नेवी से रिटायर्ड चीफ एविएशन ऑफिसर नवीन लांबा व बैंकिंग सेक्टर में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत रवि गर्ग ने करियर के विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए श्रेष्ठ करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के. पी. गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### सीवरेज लाइन को लेकर ठेकेदार की शिकायत

**मंडी आदमपुर।** जवाहर नगर में ठेकेदार द्वारा अपनी सुविधा व मनमर्जी से डाली जा रही सीवरेज लाइन को लेकर क्षेत्रवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल बिजली मंत्री एवं हिसार लोकसभा प्रत्याशी रणजीत सिंह से हिसार में मिला। लोगों ने कहा कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य कर रहा है तथा जिस तरफ पानी की मैन लाइन गुजरती है, उसी तरफ सीवरेज की लाइन डाल रहा है।

### शांति निकेतन स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**मंडी आदमपुर।** नई दिल्ली के प्रतिष्ठित सिल्वरजोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय हिन्दी ओलंपियाड में शांति निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा। विद्यालय के स्पर्धा इंचार्ज नरेश कौशल ने बताया कि इस वर्ष की हिन्दी विषय की स्पर्धा में शांति निकेतन स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने क्लास टॉपर कैटेगरी में कुल 10 मेडल प्राप्त किए।

### हनुमान जयंती महोत्सव 23 अप्रैल को

**हिसार।** सनातन धर्म हनुमान मंदिर ट्रस्ट, नागोरी गेट हिसार का 68वां वार्षिक हनुमान जयंती महोत्सव 23 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान कैलाश चौधरी एडवोकेट, सचिव मधुसूदन गुप्ता व महोत्सव संयोजक रामबाबू अग्रवाल सीए ने कहा कि इस दिन सायं 5 बजे मंदिर प्रांगण से हनुमानजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंचेगी। शोभा यात्रा में अनेक झांकियों के साथ-साथ नगर की कई संकीर्तन मंडलियां भी भाग लेंगी व हनुमानजी का गुणगान करेंगी।

## आप का आरोप: पुलिस द्वारा खुद नशा रखवाकर रेड मारकर बरामदगी दिखाई

# महिला पर केस दर्ज कर गिरफ्तार की रची साजिश, जांच की मांग

ऑडियो क्लिप जो रमेश कुमार पुलिस कर्मचारी सिरसा व महिला कर्मजीत कौर ऊर्फ कर्मी के बीच का वार्तालाप है, मीडिया को सुनाया


**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए पीड़ित महिला व आप नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस द्वारा एक घर से नशीली गोलियां बरामद करने के मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य वीरेंद्र कुमार व किसान विंग के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ने कहा कि पुलिस ने साजिश के तहत महिला को फंसाया है। उन्होंने एक ऑडियो क्लिप जो रमेश कुमार पुलिस कर्मचारी सिरसा व महिला कर्मजीत कौर ऊर्फ कर्मी के बीच का वार्तालाप है, मीडिया को सुनाया। इस दौरान पीड़ित महिला भी मौजूद रही। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस अपनी ईमानदारी, बहादुरी, कर्तव्य पालन के लिए जानी जाती है, पुलिस कर्मचारी धूप, गर्मी, बरसात में अपने कर्तव्य का जनता की सुरक्षा करने है, लेकिन कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों के कारण पुलिस की गरिमा को ठेस पहुंच रही है। बीती 1 अप्रेल को सुबह पुलिस टीम द्वारा गांव तारुआना में रेड की जाती है और एफआईआर नंबर 0104 दर्ज की जाती है एफआईआर में दर्ज वर्णन ऑडियो क्लिप में बातचीत से पूर्व निर्धारित प्रतीत होते हैं। एफआईआर में दर्ज है की मकान की तलाशी अमल में लाई गई। मकान के बने तूड़ी वाले कोठे के अंदर पड़ी तूड़ी को चैक किया गया, काले लिफाफे के अंदर चार प्रकार की 1785 नशीली प्रतिबंधित गोलियां बरामद की। ऑडियो क्लिप में बातचीत में महिला कर्मजीत कौर ऊर्फ कर्मी पुलिस कर्मचारी रमेश कुमार को कहा रही है कि भाई रमेश, मैंने तेरा काम कर दिया, पशुओं वाले छकड़ा में, गली हुई तुडी पड़ी है कोने में, उसमें लाकर रख दिया है। अब रह गया तुम्हारा काम, जवाब के रमेश कुमार बोल रहा है की महिला पर मुकदमा दर्ज कर महिला को गिरफ्तार करके साथ ले जाऊंगा।

### पीड़ित ने की इंसाफ की मांग

आम आदमी पार्टी ने मीडिया को सीसीटीवी फुटेज भी दिखाई जिसके आरोपी महिला कर्मजीत कौर ऊर्फ कर्मी उनके घर के आस पास बार बार स्कूटी पर आ जा रही है। रेड के दौरान घर में लगे सीसीटीवी की हार्ड डिस्क को भी पुलिस अपने साथ ले गई। पीड़ित महिला सिमरजीत कौर ने मुख्यमंत्री हरियाणा सीएम विंडो के माध्यम से, एसपी डबवाली, एसपी सिरसा, आईजी हिसार रेंज, डीजीपी पंचकुला को पत्र लिखकर ऑडियो क्लिप, सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करवाते हुए मामले की जांच कर इंसाफ की मांग है। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि जांच में सीसीटीवी हार्ड डिस्क जो पुलिस के कब्जे में है। पुलिस कर्मचारी रमेश कुमार का मोबाइल, साजिश करने वाले महिला कर्मजीत कौर के मोबाइल कॉल की जांच में शामिल किया। फर्जी मुकदमे बनने वाले गिरोह में कितने पुलिस कर्मारी शामिल है, उन सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

# स्कूल में मनाई महात्मा हंसराज जयंती


**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित वैदिक यज्ञ में भाग लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में महान शिक्षाविद, आर्य प्रणेता, त्यागमूर्ति एवं डीएवी के संस्थापक महात्मा हंसराज जी की 160 वीं जयंती बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें महात्मा हंसराज जी को याद करते हुए विद्यालय प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा आहुति डाली गई। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य अरुण शर्मा ने कहा कि हम सभी को त्यागमूर्ति लाला हंसराज जी के जीवन से प्रेरणा लेकर पूर्ण त्याग एवं समर्पण के भाव के साथ अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। हंसराज जी ने वर्ष 1886 में लाहौर में जिस डीएवी संस्था का बीजारोपण किया, वो संस्था आज विशाल वटवृक्ष बनकर केवल भारतवर्ष को ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महर्षि दयानन्द की शिक्षाओं से युक्त फल प्रदान कर रहा है और वैदिक शिक्षा पद्धति के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के माध्यम से मानवता की सच्ची सेवा में संलग्न है।

# कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने वाले को मिलेगा ईनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम की अनुपालना में जिला में चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए हुडा सेक्टर-3 स्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला में प्रसव पूर्व भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम, संदिग्धों पर छापामार कार्रवाई तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को गति देने के लिए चलाए जा रहे अभियानों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. निरपाल चंद ने जिला में नए अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन, आईवीएफ केंद्रों का रजिस्ट्रेशन करने सहित अन्य मुद्दों को बैठक में रखा। उन्होंने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना पाप है। इसके अलावा यह सामाजिक बुराई के साथ-साथ कानूनी अपराध भी है। कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये तक की ईनाम राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लड़का-लड़की में कोई अंतर न समझे। लिंगानुपात में सुधार के लिए मिलजुलकर कार्य करे और समय-समय पर छापामार कार्यवाही में संबंधित अधिकारी व सदस्य अपडेट रहे।

### रतिया पुलिस ने पकड़ी शराब की चलती भट्ठी

**फतेहाबाद।** नाजायज शराब तस्करों पर फतेहाबाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। सदर थाना रतिया पुलिस ने अलग-अलग दो जगह पर नाजायज शराब निकलने वालों पर कार्रवाई करते हुए छापामार कार्रवाई कर शराब की चलती भट्ठी पकड़ी है। पुलिस ने मौके से दो युवकों को गिरफ्तार कर वहां से 25 बोतल नाजायज शराब, 60 लीटर लाहन बरामद किया है। इस संबंध में रतिया सदर थाना प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस दो अलग अलग टीमों ने गांव महमड़ा और चंदों कलां से आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 25 बोतल नाजायज शराब हथकढ़, 60 लीटर लाहन सहित शराब की चलती भट्ठी पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

# रोजाना रामायण का पाठ करें

- श्री पंचमुखी बाला जी धाम में रजत जयंती विशाल मेला महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** पूजा अर्चना करते समाजसेवी संजय डालमिया व ज्योति डालमिया।

रोजाना घर में रामायण का पाठ करने से श्री राम की कृपा और माता सीता का आशीर्वाद बना रहता है। हनुमान जी स्वयं उसकी हर विपदा से रक्षा करते हैं। इसलिए हमें विधिवत रुप से रामायण पाठ का श्रवर्ण करना चाहिए। उक्त वक्तव्य बनारस से पहुंचे विद्वान ब्राह्मणों ने निकटवर्ती गांव चौधरी वास में स्थित श्री पंचमुखी बाला जी धाम में प्रारंभ हुए सात दिवसीय रामायण पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किए। पंचमुखी बालाजी धाम में परम श्रद्धेय गुरुवर पवन कुमार जोशी के पावन सानिध्य में चल रहे 12 दिवसीय रजत जयंती विशाल मेला महोत्सव में सात दिवसीय पाठ में मुख्य यजमान समाजसेवी संजय डालमिया व ज्योति डालमिया रहे। विद्वान ब्राह्मणों ने फरमाया कि रामायण पाठ करने से व्यक्ति के पाप मिट जाते हैं, वह पाप रहित हो जाता है।

# स्कूल में मेधावियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली


फोटो : 19सिरसा01 :मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते संस्था प्रतिनिधि।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ द्वारा डबवाली के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। संघ के प्रधान सुरेंद्र मित्तल, सचिव शशि कांत शर्मा, पीएनबी के रिटायर्ड एजीएम परमजीत कोचर व प्रोजेक्ट चेयरमैन जितेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को स्कूल में पहुंचकर 6वीं कक्षा से 11वीं कक्षा तक में अपनी अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया। इसके अलावा स्कूल के सोशल वेलफेयर कार्योंर् में सहयोग करने वाले बच्चे भी पुरस्कृत किए गए। इस अवसर पर संबोधन में सचिव शशि कांत शर्मा ने बच्चों को मेहनत से पढाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के इस दौर में एक समय सारणी बनाकर रोजाना सभी विषयों के लिए समय निर्धारित करें ताकि अच्छे अंक लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग ले सकें और अन्य विद्यार्थियों के साथ मुकाबला करते हुए उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला मिले। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्ति के लिए मेहनत का रास्ता ही बेहतरीन है व इस रास्ते से हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। रिटायर्ड एजीएम परमजीत कोचर ने कहा कि जरुरतमंद परिवारों के मेधावी बच्चे भी स्कूली शिक्षा पूरी करने के उपरांत उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने के लिए सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। खासकर बैंकों से एजुकेशन लोन लेकर प?ाई को जारी रखा जा सकता है व बाद में नौकरी मिलने के बाद आसान किस्तों में लोन चुकाना होता है। उन्होंने सम्मानित हुए सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उ'जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रोजेक्ट चेयरमैन जितेंद्र शर्मा ने कहा कि संघ द्वारा समय समय पर इस प्रकार के प्रकल्प लगाकर मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है।

# किसानों ने शहर थाना के आगे दिया धरना

- अशोक तंवर का विरोध करने पर गिरफ्तार किए गए किसानों को न छोड़ने पर जताया रोष

रतिया



शुक्रवार सुबह रतिया शहर में भाजपा के सिरसा लोकसभा उम्मीदवार अशोक तंवर के कार्यक्रमों का विरोध करने पर क्षेत्र के अनेकों किसानों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर बस में डालकर अज्ञात स्थान पर जाने के बाद देर रात तक उन किसानों को पुलिस द्वारा ना छोड़ने पर किसान संगठनों में रोष पैदा हो गया तथा रोष स्वरूप भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहा के राज्य सचिव अजय कुमार की अध्यक्षता में अनेकों किसानों ने शहर थाना के आगे धरना लगा दिया और भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू करते हुए गिरफ्तार किए गए किसानों की रिहाई की मांग करने लगे किसान नेता अजय ने कहा कि किसानों की गिरफ्तारी से भाजपा सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। किसान नेता ने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकतंत्र की हत्या कर तानाशाहार रवैया अपनाया हुआ है क्योंकि उनके संगठन के किसान भाजपा नेताओं से किसानों की मांगों को लेकर सवाल पूछने गए थे। लेकिन पुलिस ने प्रदेश सरकार की शह पर उनके किसान साथियों को जेल में डाल दिया लेकिन किसान ना करेंगे ना झुकेंगे और अंतिम सांस तक अपने हकों की लड़ाई लड़ेंगे धरना दे रहे किसानों ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी की शनिवार सुबह 11 बजे धरना स्थल पर अन्य संगठनों के साथ एक महासभा का आयोजन किया गया है इसलिए अगर पुलिस प्रशासन ने उनके गिरफ्तार किए गए किसानों को नहीं छोड़ा तो शनिवार को महासभा में कठोर फैसला लिया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी। वहीं शहर थाना के कार्यवाहक प्रभारी कंवर सिंह ने बताया कि 17 किसानों के खिलाफ शांति भंग व लड़ाई झगड़े की आशंका को देखते हुए कानून अनुसार कार्यवाही की गई है उन्होंने कहा कि कानून सबके लिए समान है तथा कानून व्यवस्था को किसी भी कीमत पर भंग नहीं होने दिया जाएगा।

# 21 को दरबार में होगा शबद कीर्तन

- अखण्ड पाठ के साथ बैसाखी समागम का शुभारंभ
- अतिथियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा में अखण्ड पाठ की शुरुआत के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

भाभड़ा सेवा ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार प्रातः डोगरान मौहल्ला स्थित भाभड़ा बिरादरी के गुरुद्वारा में अखण्ड पाठ की शुरुआत के साथ बैसाखी समागम का शुभारंभ किया गया। गुरुद्वारा सभा के प्रधान गोबिंद बेदी ने बताया कि समागम के पहले दिन भाई चरणजीत, गुलशन, पाली, हरीश, जगदीश सेठी, अनिल सेठी, नन्नी, गिन्नी, मिल सेठी, जुगनू, संतलाल, गाबिंद डिग्गा, सतीश, राजू पीपे वाला, सुरेन्द्र, पराग, गौरव, किशनलाल, कालू, गीतांशु बेदी सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। समागम के अंतिम दिन 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे बीबी जसप्रीत कौर, पटियाला वाले शब्द कीर्तन करेंगे। पाठ का भोग डाला जाएगा। कीर्तन दरबार में पूर्व पार्षद पंकज दीवान की अध्यक्षता में हिसार लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी चौ. रणजीत सिंह चौटाला, केबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेंगे। गुरुद्वारा सभा की ओर से सभी अतिथियों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की समाप्ति पर अरदास के साथ लंगर चलाया जाएगा।

# सीवर ओवरफ्लो से गलीवासी परेशान

- बोले, एक साल से नहीं हो रहा समस्या का स्थाई समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

बेगू रोड स्थित मेला ग्राउंड की गली नंबर 8 में पिछले एक साल से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। शिकायत करने पर जनस्वास्थ्य एवं अ भि यां त्रि की विभाग के कर्मचारी सफाई करने आते हैं, लेकिन समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते गलीवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गली निवासी रघुवीर शर्मा, जतिन, दक्ष, पवन, राज कुमार, पंकज, काशी राम, देवीलाल आदि ने बताया कि उनकी गली में पिछले एक साल से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। सीवर का दूषित पानी गली में घरों के आगे भर जाता है। उन्होंने बताया कि गली में वषार्ें पहले सीवर लाइन डाली गई थी। उस समय आबादी कम थी, इसलिए सीवर लाइन जाम नहीं होती थी, लेकिन धीरे-धीरे आबादी बढ़ने के साथ ही सीवर लाइन छोटी पड़ने लगी है। जिससे सीवर जाम हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की जाती है तो कर्मचारी मौके पर आकर सीवर का ढक्कन खोलकर फट्टी मारकर चले जाते हैं। एक -दो दिन तो सब ठीक चलता है, मगर उसके बाद फिर से सीवर ओवरफ्लो हो जाता है।

## कहा : भाजपा ने बिश्नोई समाज को किया अपमानित

# भजनलाल के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी से आहत होकर छोड़ी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस नेता सुभाष खिलेरी।

हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए बिश्नोई समाज के नेता सुभाष खिलेरी ने प्रदेश की भाजपा सरकार व पूर्व सीएम मनोहर लाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष खिलेरी का कहना है कि पूर्व सीएम मनोहर लाल ने चौ. भजनलाल पर लाछंन लगाकर और अपमानजनक टिप्पणी करके पूरे बिश्नोई समाज व उनके समर्थकों की भावनाओं को आहत करने का काम किया है। बिश्नोई समाज के अपमान से आहत होकर ही उन्हें भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया है।

आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता सुभाष खिलेरी ने कहा कि चौ. भजनलाल सिर्फ बिश्नोई समाज ही नहीं सभी 36 बिरादरी के लोगों के नेता थे। वे 12 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और उनके कार्यकाल में हरियाणा में जो विकास कार्य हुए, प्रदेश की जनता आज भी उन्हें याद करती है लेकिन हिसार में हुई रैली में पूर्व सीएम मनोहर लाल ने सत्ता के नशे में चूर होकर पूर्व सीएम भजनलाल के खिलाफ जो भद्दी टिप्पणी की गई, उसने पूरे समाज को अपमानित करने का काम किया है।

### भाजपा की नीति हमेशा यूज एंड थ्रो वाली रही : सुभाष खिलेरी

मनोहर लाल द्वारा समाज को अपमानित किए जाने के चलते ही उन्होंने भाजपा छोड़ने का फैसला लिया। सुभाष खिलेरी ने कहा कि चौ. भजनलाल को कांग्रेस पार्टी में पूरा सम्मान दिया गया था। कांग्रेस ने उन्हें कई बार प्रदेश की बागडोर सौंपी। आज भी कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय में चौ. भजनलाल का फोटो लगा हुआ है। कांग्रेस ने हिसार से चौ. भजनलाल परिवार को सम्मान देते हुए हर बार यहां से प्रतिनिधित्व दिया लेकिन भाजपा ने भजनलाल व उनके परिवार को अपमानित करने का काम किया है। भाजपा की नीति हमेशा यूज एंड थ्रो वाली रही है। पहले भाजपा ने हजकां के समय कुलदीप बिश्नोई की पीठ में छुरा घोपा। अब राजस्थान विधानसभा चुनावों में कुलदीप बिश्नोई को यूज करते हुए वहां बिश्नोई समाज के वोट बटोरे लेकिन अब लोकसभा चुनावों में कुलदीप बिश्नोई को टिकट न देकर समाज की अनदेखी की है। हरियाणा ही नहीं राजस्थान में भी बिश्नोई समाज को भाजपा ने कोई टिकट नहीं दी है जिससे समाज के लोगों में काफी रोष है। सुभाष खिलेरी ने कहा कि भाजपा ने भव्य बिश्नोई को मंत्री बनाने की बात कही लेकिन डेढ साल बीतने के बावजूद इस वायदे को पूरा नहीं किया। मनोहर लाल द्वारा चौ. भजनलाल के प्रति की गई टिप्पणी पर कुलदीप बिश्नोई व फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम की चुप्पी पर हैरानी जताते हुए सुभाष खिलेरी ने कहा कि बिश्नोई समाज के इन नेताओं की चुप्पी से पूरा समाज दुःखी है।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

सिरसा। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान वार्ड नंबर 15 रानियां क्षेत्र से एक युवक को 11 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 11 ग्राम 70 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुखदेव सिंह निवासी वार्ड नंबर 15 रानियां जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ रानियां थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कोमल गर्ग का स्कूल में हुआ स्वागत

**सिरसा।** महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली कोमल गर्ग का स्कूल में भव्य स्वागत किया। स्कूल प्रधान अनिल गनेरीवाला, उपप्रधान भीमसेन सर्राफ, सचिव कुंज बिहारी रातुसरिया, सहसचिव रतन जिंदल, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सर्राफ, प्राचार्य जपनीत कौर, उपप्राचार्य शिवा गुप्ता व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने कोमल गर्ग को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

### जिला स्तरीय कबड्डी के लिए ट्रायल कल

**सिरसा।** जिला के गांव बणी स्थित विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 21 अप्रैल को एमच्योर कबड्डी एसोसिएशन सिरसा हरियाणा के जूनियर कबड्डी महिला 65 किलो, पुरुष 70 किलो, आयु वर्ग 01 जनवरी 2005 के बाद के ट्रायल होंगे। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान राजाराम डुडी ने बताया कि एमच्योर कबड्डी एसोसिएशन जिला सिरसा के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर पुरुष/महिला 2024-25 कबड्डी टीम का ट्रायल आयोजन 21 अप्रैल को सुबह 9 बजे विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया जाएगा।

### चार किलो चूरापोस्त सहित काबू, केस

**डबवाली।** चौटाला पुलिस चौकी ने राजस्थान लोकसभा के चुनाव के दौरान नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति को 4 किलो 100 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान गगनदीप निवासी जोतांवाली के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी गगनदीप के खिलाफ थाना सदर डबवाली मे मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महावीर जयंती को लेकर लोगों को दिया निमंत्रण

**रतिया।** जैन समाज द्वारा 21 अप्रैल को महावीर जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इसके लिए जैन समाज के लोगों ने शहर वासियों को निमंत्रण देकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है। जैन समाज के प्रधान संजू जैन, पूर्व प्रधान अनिल जैन, मोहन जैन, अश्विनी जैन व अन्य लोगों ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर 21 अप्रैल को सुबह 5 बजे पुराना जैन स्थानक से प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो कि शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए महावीर चौक व नई जैन स्थानक में पहुंचेगी जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा जैन साध्वियों के दर्शन किए जाएंगे और उनके मंगल आशीर्वाद लिया।

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां गुट ने की नारेबाजी

# रतिया में किसानों ने किया तंवर का विरोध, पुलिस ने गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर ने शुक्रवार को रतिया विधानसभा के अनेक गांवों का दौरा किया। रतिया पहुंचे भाजपा प्रत्याशसी को किसान संगठनों के विरोध का सामना करना पड़ा। अशोक तंवर के रतिया आगमन पर इंकलाबी नौजवान सभा व भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां के सदस्यों ने काले झंडे दिखाकर भाजपा नेताओं का विरोध किया और जमकर नारेबाजी की। किसानों द्वारा अशोक तंवर के काफिले के आगे आने पर पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की लेकिन किसान नहीं माने। किसानों द्वारा भाजपा नेताओं की गाड़ियों के आगे जाकर रोकने का प्रयास करने पर पुलिस ने करीब 20 किसानों को हिरासत में लेकर उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया है। बता दें कि इससे पहले भी किसान संगठनों द्वारा रतिया में 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री की रैली के दौरान विरोध करने पर पुलिस द्वारा किसानों को गिरफ्तार किया गया था। रतिया में प्रचार के लिए आ रहे भाजपा उम्मीदवार व अन्य भाजपा नेताओं का किसानों द्वारा लगातार विरोध जारी है, जिसके चलते प्रशासन को भाजपा नेताओं के आगमन पर भारी पुलिसबल तैनात करना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं को भी किसानों के विरोध के चलते रतिया विधानसभा क्षेत्र में प्रचार को लेकर पुलिस बल का सहारा लेना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी सिरसा लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर, विधायक लक्ष्मण नापा सहित अन्य नेताओं का शहर में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम था। इसको लेकर शहर में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था। शुक्रवार सुबह जैसे ही अशोक तंवर, विधायक लक्ष्मण नापा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता फतेहाबाद रोड नहर के पास एक कार्यक्रम से वापस आ रहे थे तो किसानों ने फतेहाबाद रोड नहर के पास उनके काफिले के सामने विरोध करते हुए काले झंडे दिखाने लगे। जब काफिला विरोध कर रहे किसानों के आगे से निकलने लगा तो किसान उग्र हो गए और गाड़ियों के आगे आने लगे। इस पर वहां मौजूद पुलिस बल ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद अशोक तंवर लाली रोड वार्ड नंबर 17 में कार्यक्रम में शिरकत करने चले गए। इस पर किसान वहां भी पहुंच गए और विरोध करना शुरू कर दिया। इस पर पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर बस में बिठाकर पुलिस लाइन फतेहाबाद भेज दिया किसान नेता निर्भय सिंह ने कहा कि देश की मौजूदा सत्ताधारी भाजपा सरकार किसान विरोधी व तानाशाह सरकार है जो अपनी मांगों के लिए बोलने पर गोली मारने और विरोध करने पर गिरफ्तार करने जैसे कार्य कर रही है लेकिन देश का किसान ना डरेगा ना झुकेगा बल्कि अपने हक की लड़ाई लड़ेगा।




रतिया। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर का विरोध कर रहे किसानों को रोकते पुलिस कर्मचारी।

### पांच साल में देश बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : तंवर

सिरसा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर ने कहा कि आने वाले पांच साल देश की तरक्की की इबारत लिखने वाले हैं। इन पांच सालों में देश दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। आप सब लोग देश के विकास और उन्नति के लिए भारतीय जनता पार्टी का साथ देकर कमल के फूल का बटन दबाएं ताकि देश के करोड़ों किसान, कमेरे और मजदूर लोगों का भला हो सके। डॉ. तंवर शुक्रवार को रतिया विधानसभा में अपना तूफानी दौरा करते हुए लोगों से रूबरू हो रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों से चाय पर चर्चा की, खुशी-गमी में शामिल हुए और जनसभाएं की।

## रोडवेज कर्मचारियों का टीए और ओवरटाइम जानबूझ कर लटकाया जा रहा : पाबड़ा



**फतेहाबाद।** रोडवेज कर्मचारियों का टीए और ओवरटाइम पिछले कई महीनों से लंबित पड़ा है। इसे जानबूझ कर लटकाकर कर्मचारियों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। यह बात हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप पाबड़ा और सुभाष बिश्नोई ने संघ की बैठक को संबोधित करते हुए कही। वो शुक्रवार को संघ के डिपो प्रधान विजय नागपुर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग की टीए शाखा द्वारा उसे बनाकर तैयार कर दिया है लेकिन ऑडिट शाखा द्वारा बार-बार ऑबजेक्शन लगाकर कर्मचारियों को जानबूझ कर परेशान करने का काम किया जा रहा है। संघ द्वारा इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने रोडवेज जीएम से मांग करते हुए कहा कि समय रहते कर्मचारियों का टीए और ओवरटाइम रिलीज करवाने का काम करें तथा जानबूझ कर लटकाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई ताकि इससे प्रभावित कर्मचारियों को राहत मिले। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए मजबूर होना पडेगा। बैठक में भजनलाल, हवासिंह, सुशील, देवीलाल, कुलदीप कन्हड़ी, धर्मपाल, विनोद कुमार और भूपेंद्र सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## शराब की अवैध खेप सहित गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव काताखेडी मे छापामारी करके एक तस्कर को काबू करके उसके कब्जा 45 बोतल नाजायज शराब बरामद करने मे सफलता हासिल की है। पकड़े गये आरोपी की पहचान राजेन्द्र सिंह निवासी काताखेड़ी के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर फतेहाबाद में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए इंचार्ज सुरेंद्रा ने बताया कि एचसी ज्योति प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार गांव काताखेड़ी में छापामारी करके आरोपी राजेन्द्र सिंह को काबू किया। पुलिस ने उसके कब्जा से 45 बोतल नाजायज शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। पकडे गये आरोपी को आज अदालत मे पेश किया जाएगा।

## बच्चों को आग बुझाने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सीनियर सेकेण्डरी मॉडल स्कूल भिरड़ाना में फायर टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दमकल केन्द्र फतेहाबाद के द्वारा 14 से अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दिन 66 फायर कर्मचारी शहीद हुए थे। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में दमकल कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 की मदद लेने बारे जानकारी दी। इसके अलावा टीम ने बच्चों को आग लगने की सूरत में उस पर कैसे काबू पाया जाए, इसके बारे में प्रैक्टिकल करके जानकारी दी गई। फायर बिग्रेड फतेहाबाद की टीम में सुमेश कुमार, विनोद कुमार फायरमैन, बलवान व दीवान फायर ऑपरेटर शामिल थे। टीम ने विद्यार्थियों, स्टाफ, चालक व परिचालकों को आग बुझाने की विभिन्न विधियां बताई। उन्होंने सिलैण्डर को गीले कपड़े से और अग्निशासक यंत्र से बुझाने का तरीका बताया। टीम लीडर सुमेश कुमार ने बताया कि एलपीजी सिलैण्डर का प्रयोग करते समय हमें सावधानी बरतनी चाहिए। आग बुझाने के लिए सतर्कता से उठाए गए कदम हमारी जान बचा सकते हैं। स्कूल प्रबंधन ओपी बिश्नोई ने आए हुए टीम सदस्यों का धन्यवाद किया



**फतेहाबाद।** सीनियर सेकेण्डरी मॉडल स्कूल भिरड़ाना में विद्यार्थियों को जागरूक करते फायर टीम के सदस्य।

### नागरिक अस्पताल में भिड़े प्राइवेट एंबुलेंस चालक, दो घायल

**सिरसा।** नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को कम रेट में डेड बॉडी ले जाने को लेकर दो एंबुलेंस चालक आपस में भिड़ गए। इस घटना में दोनों चालक घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार नागरिक के बाहर काफी प्राइवेट एंबुलेंस खड़ी रहती हैं। ये एंबुलेंस चालक डेड बॉडी व मरीज को उनके घर तक छोड़ने का काम करती हैं। सिरसा निवासी सीताराम व राजेश कुमार एंबुलेंस चलाते हैं। उक्त दोनों के बीच शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम रूम के बाहर झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों घायल हो गए। अस्पताल में उपचाराधीन सीताराम का कहना है कि वह अस्पताल से कम रेट पर डेड बॉडी व मरीज छोड़ कर आता है। जबकि उसका साथी एंबुलेंस चालक राजेश 'यादा रुपये वसूलता है। सीताराम का कहना है कि राजेश उसे डेड बॉडी छोड़कर आने के कम रुपये लेने से मना करता है।

## विद्या देवी के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया की बहन विद्या देवी के निधन पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने गहरा शोक जताया है। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की महिला विंग की जिला प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं हिसार लोकसभा चुनावों की सहप्रभारी राखी मक्कड़ के अलावा अनेक पदाधिकारी आज पूर्व विधायक के गांव दौलतपुर स्थित फार्म हाऊस पर पहुंचे और विद्या देवी के निधन पर शोक जताया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राखी मक्कड़ ने कहा कि जब कोई अपने प्रिय इस दुनिया को छोड़कर चले जाते है तो उनकी कमी जिंदगीभर रहती है। यह एक दुःख की घड़ी होती है। दुःख की इस घड़ी में ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी का पूरा परिवार उनके साथ है। इस अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साहिब दयाल वधवा, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ, नगरपरिषद चेयरमैन राजेन्द्र खिची, जिला सचिव कपिल खत्री, फतेहाबाद विधनसभा उपाध्यक्ष सुदर्शन नरूला, राजू चावला, पार्षद सुरेन्द्र डींगवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया की बहन के निधन पर शोक जताते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सदस्य।

## युवक के अपहरण व मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

शहर थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए अपहरण, मारपीट तथा मोबाइल छीना झपटी के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी दिनकर यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों की पहचान विकास निवासी नोहरिया, मोहित निवासी रानियां गेट तथा रोहित निवासी विजय डेयरी वाली गली, सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए आरोपियों की निशानदेही पर छीना गया मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किया गया युवक विकास जानलेवा हमला, अपहरण तथा मारपीट आदि के करीब सात मामलों में पुलिस को वांछित है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राहुल कुमार निवासी संजय कॉलोनी की शिकायत पर विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत थाना शहर सिरसा में अभियोग दर्जकर जांच शुरू की गई थी। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि पकड़े गए युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर संजय कॉलोनी निवासी युवक राहुल का अपहरण कर उसके साथ मारपीट की थी तथा उसका मोबाइल फोन छीन लिया था।



## स्वयंसेवकों ने मतदान को प्रेरित किया

- स्वयंसेविका अंजनी पंवार व श्रुति मोंगा द्वारा भट्टूमंडी में मतदान करने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भट्टूकलां

नेहरू युवा केंद्र व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी के दिशा निर्देशानुसार ब्लॉक भट्टू की स्वयंसेविका अंजनी पंवार व श्रुति मोंगा द्वारा भट्टूमंडी के सार्वजनिक स्थल रेलवे स्टेशन पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेविकाओं ने युवा पीढ़ी, महिला वर्ग व सीनियर सिटीजन को एकत्रित कर उन्हें मतदान के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने के बारे में जानकारी दी व शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सक्षम ईसीआई एप व सी-विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। स्वयंसेविकाओं ने बताया कि हमें अपने आस पास हो रही अनैतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर सी-विजिल एप के माध्यम से सूचना दे सकते हैं तथा दिव्यांगजनों के लिए भी सक्षम ईसीआई एप पर रजिस्टर करवा कर उनका मत घर पर ही दिलवा सकते हैं। युवाओं को जागृत करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी का महत्वपूर्ण स्थान है व हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। हमें धर्म व भाषा को न देखते हुए अपने मजबूत लोकतंत्र को अपनी इच्छाओं व भविष्य को ध्यान में रखते हुए मतदान करना है। कार्यक्रम के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें सभी युवाओं से हस्ताक्षर भी करवाए गए कि वे 25 मई को अपना वोट अपने संपूर्ण परिवार सहित डालने जरूर जाएंगे तथा अपने आसपास के साथियों को भी प्रेरित करेंगे।



**भट्टूकलां।** रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को मतदान करने बारे प्रेरित करती नेहरू युवा केंद्र की स्वयंसेविकाएं।

## लू से बचाव को सभी जरूरी प्रबंध करें : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

उपायुक्त एवं जिला आपदा व प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन आरके सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में गर्मी व लू के मौसम के मद्देनजर सभी संबंधित विभाग जनजीवन की सुरक्षा व उन्हें हीट वेव से बचाने के लिए पूरी तैयारियां व प्रबंध सुनिश्चित करें। साथ ही गर्मी में सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति व बिजली आपूति निर्धारित शेड्यूल अनुसार की जाए तथा कहीं पर जलापूर्ति व बिजली आपूर्ति बाधित न रहे। उपायुक्त ने जिलावासियों का आह्वान किया कि गर्मी से निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति किसी भी रूप से जल को व्यर्थ न बहाएं। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जोखिम भरे क्षेत्रों की पहचान करें। सभी सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौक, बाजार, अस्पताल, पब्लिक डिलिंग से संबंधित कार्यालयों में नगर परिषद, नगर पालिका, विकास एवं पंचायत विभाग के सहयोग से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करे। मुख्य रूप से पानी की कमी वाले जोखिम वाले क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति की जाए। जलापूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी रखी जाए तथा स्लम आदि एरिया में टैंक आदि से पानी पहुंचाया जाए। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभाग निर्देशों की अनुपालना प्रभावी तरीके से सुनिश्चित करें। मुख्य चौराहों, बस क्यू शैल्टर, स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, बस अड्डे, अनाज मंडियों, स्टेडियम, व्यायामशालाओं, चौपालों आदि स्थानों पर पानी व प्याऊ आदि की उचित व्यवस्था की जाए।

## अजय ने चोपटा में किया प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि लोकसभा चुनावों के साथ ही हरियाणा में जेजेपी की ओर से मिशन दुष्यंत-2024 की शुरूआत हो चुकी है और सभी मतदाता इसमें अपनी रिकॉर्ड भागेदारी सुनिश्चित करें। वे शुक्रवार को सिरसा संसदीय सीट से जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक के पक्ष में नाथुसरी चोपटा के शिव मंदिर धर्मशाला में ऐलनाबाद हलके के जेजेपी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सिरसा संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रमेश खटक के सिलसिले में मतदाताओं को जानकारी दी कि वे सोनीपत की बरोदा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं और अपने क्षेत्र को सदैव विकसित अवस्था में रखा है। अब पार्टी ने उन्हें सिरसा संसदीय क्षेत्र की सेवा का अवसर दिया है, ऐसे में अब यह प्रत्येक मतदाता का दायित्व बनता है कि वे अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर उन्हें संसद में भेजें ताकि सिरसा संसदीय क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने जिस प्रकार पिछड़े और गरीब लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया है। इस मौके पर जेजेपी प्रत्याशी रमेश खटक ने भी अपने समर्थन में वोटों की अपील की। इस मौके पर जेजेपी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. राधेश्याम शर्मा व अन्य मौजूद रहे।



**सिरसा।** कार्यकर्ताओं को संबोध्ति करते हुए अजय चौटाला।

सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में फुटबॉल टूर्नामेंट

## थानेसर ने चिलियांवाला हाउस को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में तीन दिवसीय इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में थानेसर हाउस ने तीनों मैच जीतकर प्रथम, चिलियांवाला हाउस ने दो मैच जीतकर द्वितीय व पानीपत हाउस ने एक मैच जीतकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुरुक्षेत्र हाउस को सभी मैचों में हार का सामना करना पड़ा। कैडेट अंकित कुमार ठाकुर ने अपनी टीम के खिलाफ विपक्षी टीम को कोई भी गोल नहीं करने दिया इसलिए उसे बेस्ट गोलकीपर का खिताब दिया गया। पानीपत हाउस के कैडेट शुभराज सिंह ने सबसे ज्यादा गोल करके अधिकतम स्कोरर का खिताब हासिल किया। कैडेट भरत को होनहार उभरते हुए खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त हुआ। इस टूर्नामेंट में गर्ल्स कैडेट्स ने सहायक रेफरी की भूमिका निभाई, जो टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण रहा। टूर्नामेंट में मैच रेफरी की भूमिका लांस नायक विजय सिंह, रिटायर्ड और कोच रतन सिंह ने निभाई जबकि ज्यूरी की भूमिका नायब सूबेदार देवेंद्र सिंह, रिटायर्ड ने बखूबी निभाई। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. आरए प्रभाकर ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। स्कूल निदेशक डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्सना व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** सैनिक स्कूल खाराखेड़ी में खिलाड़ियों से परिचय करते स्कूल प्रबंधक।